आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 17.03.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा– यह विधेयक गरीब मुसलमानों के पक्ष में।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, पौड़ी में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।
- नैनीताल जिले के काठगोदाम में आयोजित ग्रामीण भारत महोत्सव में महिला स्वयं सहायता समूहों ने विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए।
- रुद्रप्रयाग जिले में रेस्टोरेशन ऑफ डिग्रेडेड फॉरेस्ट के तहत दरमोला ग्राम सभा में ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया गया।

वक्फ संशोधन विधेयक

वक्फ संशोधन विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा है कि यह विधेयक गरीब मुसलमानों के पक्ष में है। वक्फ संशोधन विधेयक पर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के विरोध पर श्री पाल ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा कि सदन में 428 पृष्ठों की रिपोर्ट पेश की गई है और वक्फ बोर्ड की बेहतरी के लिए संशोधन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने मुस्लिम संगठनों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करने के लिए विधेयक को एक संयुक्त संसदीय समिति को भेजा है, ताकि एक निष्पक्ष और संतुलित कानून बनाया जा सके।

पुण्यतिथि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश और समाज के विकास में स्वर्गीय बहुगुणा द्वारा दिया गया योगदान सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। वहीं, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल–केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. बी. गोपाला रेड्डी परिसर पौड़ी में आज विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय हेमवती नन्दन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर एक संगोष्ठी आयोजित की गयी। परिसर निदेशक प्रोफेसर उमेश गैरोला ने हेमवती नंदन बहुगुणा की नेतृत्व क्षमता और अडिगता का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने इस दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र के लिए शिक्षा के द्वार खोले।

कैबिनेट मंत्री समीक्षा

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ देहरादून से पांवटा साहिब तक निर्माणाधीन राजमार्ग के चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्राधिकरण के परियोजना निदेशक पंकज मौर्य ने बताया कि चौड़ीकरण कार्य के चलते कहरी गांव क्षेत्र में लगभग 23 घर प्रभावित होंगे, जिन्हें मानकों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय निवासियों के साथ समन्वय स्थापित कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिससे परियोजना को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जा सके।

लूट खुलासा

देहरादून के रायपुर क्षेत्र में गत 11 मार्च को जन सेवा केंद्र में हुई डकैती में शामिल तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से 25 हजार रुपए नगद, देसी तमंचा, चार जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस समेत चोरी की स्कूटी बरामद की गई। आज रानीपोखरी थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान स्कूटी पर सवार बदमाश चेकिंग बैरियर पर ना रुककर जंगल की तरफ भागने लगे। पुलिस के पीछा करने पर वे फायर करने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घायल को उपचार के लिए जौलीग्रांट अस्पताल भर्ती कराया गया है। दोनों आरोपी बिजनौर के रहने वाले हैं। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि डकैती के मास्टरमाइंड को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

ग्रामीण भारत महोत्सव

नैनीताल जिले के काठगोदाम में नाबार्ड द्वारा ग्रामीण भारत महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 16 मार्च से शुरू हुए इस तीन दिवसीय महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए उद्यमियों और महिला समूहों के 35 स्टॉल लगाए गए हैं। यहां हस्तनिर्मित कई उत्पादों के साथ ही अचार, मुरब्बा, जैम, चटनी, जूस आदि बिक्री के लिए रखे गए हैं। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल ने बताया कि ग्रामीण भारत महोत्सव की शुरुआत नैनीताल जिले से हो रही है, जो बाद में राज्य के अन्य जिलों में भी आयोजित किया जाएगा।

जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी ने कहा कि इस तरह के महोत्सव, महिला समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं को बाजार उपलब्ध कराते हैं। वहीं, महोत्सव में भाग ले रही महिला समूह की सदस्य सुमन अधिकारी ने कहा कि स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए इस तरह के महोत्सव काफी उपयोगी होते हैं।

प्रशिक्षण रुद्रप्रयाग

रुद्रप्रयाग जिले में रेस्टोरेशन ऑफ डिग्रेडेड फारेस्ट के तहत दरमोला ग्राम सभा में वन उपज से आजीविका संवर्धन से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देने के साथ ही वन विभाग, ग्रामीणों को शहद के लिए बाजार भी उपलब्ध कराएगा। जखोली के उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. दिवाकर पंत ने बताया कि कार्यशाला में ग्रामीणों को एपिस सेरेना मधुमक्खी के पालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया, जो उत्तराखंड के वातावरण के अनुकुल है। साथ ही बाजार में इसके शहद की बहुत मांग भी है। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें आजीविका संवर्धन में मदद के साथ ही वन्य जीवों और जंगलों के संरक्षण की जानकारी भी दी गई।

चमोली बैठक

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आज आदर्श ग्राम सारकोट में विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को सारकोट का निरीक्षण करने और विभाग से संबंधित लाभार्थियों का डेटा रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सारकोट प्राथमिक विद्यालय में वॉलीबॉल कोर्ट बनाने और सारकोट मंदिर प्रांगण में सप्ताह में दो दिन योग शिविर लगाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर अर्थ संख्या अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने और पर्याप्त जानकारी न रखने पर समाज कल्याण अधिकारी को बैठक से बाहर जाने के निर्देश दिए।